## गुजरात में सूखे की स्थिति

4834. **श्री गोपाल सिंह जी. सोलंकी:** क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात के विभिन्न जिलों में बड़े पैमाने पर सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गयी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिलेवार ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा स्थिति से निपटने के लिए कौन-कौन सी योजनाएं तैयार की गई हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम (डी.पी.ए.पी.) के अन्तर्गत कितनी वित्तीय सहायता दी गयी है?

**ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास विभाग) (श्री उत्तमभाई एच. पटेल):** (क) जैसा कि राज्य सरकार ने सूचित किया है गुजरात के किसी भी जिले में सूखे की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है।

(ख) व (ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) 1994-95 के दौरान सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा मुहैया करायी गई जिलावार वित्तीय सहायता नीचे दी गई है:

| | जिला | केन्द्रीय सहायता (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| 1. | अहमदाबाद | 30.50 |
| 2. | अमरेली | 107.75 |
| 3. | भावनगर | 41.50 |
| 4. | जामनगर | 28.35 |
| 5. | कच्छ | 106.75 |
| 6. | पंचमहल | 100.75 |
| 7. | राजकोट | 70.50 |
| 8. | सुरेन्द्रनगर | 131.25 |
| | जोड़ : | 617.35 |

## Area brought under Wasteland Development Scheme in Haryana and UP

4835. DR. SANJAYA SINH: Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to answer to Unstarred Question 1643 given in the Rajya Sabha on 23rd March, 1995 and state:

(a) The area of land brought under the Wasteland Development Scheme during the last three years in Haryana and U.P., district-wise; and

(b) the amount of funds allocated for the development of Wasteland, district-wise and the amount released for that purpose during the last three years?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (DEPARTMENT OF WASTELANDS DEVELOPMENT): (COL. RAM SINGH): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

## लघु सिंचाई परियोजनाओं के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा किया गया कार्य

4836. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत लघु सिंचाई परियोजनाओं के लिए 31 दिसम्बर, 1994 तक ग्राम पंचायतों द्वारा बनाये गए जलाशय और छोटे बांध या लगाए गये नलकूपों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन सिंचाई परियोजनाओं के अन्तर्गत राज्य वार कितने भूक्षेत्र की सिंचाई की जा रही है; और

(ग) ग्राम पंचायतों द्वारा 31 मार्च, 1994 तक इन छोटी सिंचाई परियोजनाओं पर कितनी धनराशि खर्च की गई है?

**ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास विभाग) (श्री उत्तमभाई एच. पटेल):** (क) से (ग) जवाहर रोजगार योजना में लघु सिंचाई, बाढ़ सुरक्षा कार्य तथा सिंचाई हेतु ग्रामीण टैंकों / तालाबों के निर्माण के कार्य किए जाते हैं। दस लाख कुंओं की योजना में भी सिंचाई कुंओं के निर्माण का प्रावधान है जबकि जिला ग्रामीण विकास